उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी हुए सम्मानित

नगर भवन में उल्लासपूर्ण माहौल में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन, मताधिकार का बताया गया महत्व

जासं, मोतिहारी : नगर भवन मोतिहारी में उल्लासपूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रमण कुमार ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है कि निर्धारित शर्तों के अनुसार सभी पात्र व योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो एवं प्रत्येक मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग ले। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत अर्हता तिथि एक जनवरी 20 के आधार पर 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु एवं मृत व्यक्तियों, विस्थापित व्यक्तियों के नाम हटाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई है। डीएम ने त्रुटिरहित मतदाता सूची निर्माण की दिशा में अनिवार्य रूप से कार्य करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारियों एवं लोक सभा निर्वाचन 2019 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी यथा नोडल पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग, नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग, नोडल पदाधिकारी, परिवहन कोषांग आदि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह, अपर समाहर्ता शशिशेखर चौधरी, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) अनिल कुमार, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी, बीएलओ, नव पंजीकृत मतदाता, विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

राज्य स्तर पर दो एसडीओ को मिला सम्मान : जिले के दो निर्वाचक पदाधिकारियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है। सुगौली विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह सदर एसडीओ प्रियरंजन राजू व गोविंदगंज विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह अरेराज एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा को मुख्य निर्वाची पदाधिकारी ने पटना में सम्मानित किया। जिलाधिकारी रमण कुमार ने अधिकारियों को सम्मान मिलने पर बधाई दी है।

नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम रमण कुमार • जागरण

कार्यक्रम में मौजूद कर्मी • जागरण

मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर दिया गया बल

सिकरहना, संस : 10 वां राष्ट्रीय जागरूकता दिवस के अवसर पर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ ज्ञान प्रकाश एवं डीएसपी शिवेन्द्र कुमार अनुभवी के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी शपथ पत्र को पढ़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं मतदाता सूची को दुरूस्त करने पर बल दिया गया। इस अभियान में अनुमंडल शांति समिति के सदस्य, अधिवक्ता एवं अन्य कर्मचारियों ने शपथ ली। एसडीओ ज्ञान प्रकाश ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। मतदाता सूची में त्रुटि को सुधार करने, मतदान केंद्र को मजबूत बनाने व आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराया जा रहा है।

एसएनएस कॉलेज में मनाया गया मतदाता दिवस

जासं, मोतिहारी : श्रीनारायण सिंह महाविद्यालय में शनिवार को मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र में वोट के महत्व पर चर्चा करते हुए प्राचार्य डॉ. भोला सिंह ने कहा कि मताधिकार के अधिकार का प्रयोग कर हम देश का भविष्य तय करते हैं। हमारे पास यह अधिकार है कि अपने क्षेत्र सहित देश के विकास के लिए सही प्रतिनिधि का चुनाव की सकें। उन्होंने वैसे छात्र-छात्राएं जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं और अब तक मतदाता सूची से नहीं जुड़े हैं, उन्हें निर्धारित प्रक्रिया को पूरा करते हुए मतदाता बनने के लिए प्रेरित भी किया। मौके पर प्रो. मिनकेश चौधरी, प्रो. नीतेश कुमार, डॉ. सुधा कुमारी, प्रो. एस नारायण, प्रो. रूपेश कुमार, प्रो. मनीष कुमार, प्रो. अमित कुमार, ओझा संजय सत्यार्थी आदि उपस्थित थे।

एसएनएस कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर छात्रों को शपथ दिलाते प्राचार्य (सामने बाएं से दूसरे) डॉ. भोला सिंह • जागरण

सभी बूथों पर मना दसवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

चिरैया, संस : प्रखंड क्षेत्र के सभी 176 मतदान केंद्रों पर दसवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। यहां उपस्थित बीएलओ ने मतदाताओं को चुनाव से संबंधित शपथ मतदाताओं को दिलाई। इसके साथ ही सभी बीएलओ ने मतदाताओं से निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने, त्रुटि सुधार सहित बूथ स्थानांतरण आदि का प्रपत्र लिया। बूथ पर बीएलओ शशिभूषण पासवान, आनंद प्रकाश, अबुल कासिम, हाफिज अंसारी, अजय कुमार राम, सुनील कुमार द्विवेदी, विजय कुमार, अरविंद कुमार, मनोज कुमार ठाकुर, धीरज कुमार, विनेश कुमार, नंदकिशोर प्रसाद आदि मौजूद रहे। इधर, बीडीओ सीमा गुप्ता ने भी कई बूथों का निरीक्षण किया।